केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 80000 कार्मिकों द्वारा राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर अंगदान की शपथ

के0रि0पु0बल मृत्यु पर्यंत तक देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है, के0रि0पु0बल ने ओआरबीओ (ORBO), एम्स (AIIMS) के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर 'ई–संजीवनी' नामक अंगदान अभियान को शुरू किया है। इस अभियान की शुरूआत स्वतंत्रता दिवस 2020 की पूर्व संध्या पर हुई और इसका समापन दिनांक 27 नवम्बर को राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर हुआ। बहुत ही कम समय में इस बहादुर बल के 80000 कार्मिकों के साथ–साथ उनके परिवारों के सदस्यों ने अंगदान करने की शपथ ग्रहण की है।

डॉ. हर्षवर्धन केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री महोदय ने वेबीनार के माध्यम से इसके लिए बल की भूरि–भूरि प्रशंसा की है। इस अभियान के साथ बहुत ही कम समय में इतनी बड़ी संख्या में व्यक्तियों के जुड़ने के कारण मंत्री महोदय ने के0रि0पु0बल और ORBO एम्स नई दिल्ली की सराहना की। मंत्री महोदय ने इस प्रयास को प्रेरणादयक एवं अभूतपूर्व बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह न केवल आंतरिक सुरक्षा की ड्यूटियों का बखूबी से निर्वहन कर रही है अपितु मानवीय संवेदना एवं जनकल्याणकारी कार्यो में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। यह बल देश की रक्षा करने के साथ–साथ नागरिकों को इस पुण्य कार्य के लिए प्रेरित कर रहा है और अंगदान के प्रति देशभर में जागरूकता फैलाने के लिए दिनांक 22 नवम्बर, 2020 को साईक्लोथॉन रैली की और जिसमें 5000 कि0मी0 की दूरी तय की गई।

डॉ. ए0 पी0 माहेश्वरी, महानिदेशक, के0रि0पु0बल महोदय ने अभियान की सफलता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि इस पुण्य कार्य के लिए बल के कार्मिक और उनके परिवारों के सदस्य बड़ी संख्या में आगे आए और उन्होंने यह भी कहा कि यह न केवल आंतरिक सुरक्षा की ड्यूटियों का बखूबी से निर्वहन कर रही है अपितु मानवीय संवेदना एवं जनकल्याणकारी कार्यो में भी समय की जरूरत के अनुरूप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

डॉ. (प्रोफेसर) रणदीप गुलेरिया, निदेशक एम्स नई दिल्ली के0रि0पु0बल एवं ORBO को उनके परोपकारी प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि देश में अंशदान करने वाले और और इनको प्राप्त करने वालो के मध्य में कोई कमी का अन्तर नहीं होगा।

डॉ. (प्रोफेसर) आरती विज, हैड ORBO ने इस अभियान की सफलता पर कहा कि के0रि0पु0बल की महिला बटालियन ने महिला दिवस के अवसर पर भारत की पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल के समक्ष अपने अंगदान करने की शपथ ली है।

इस अभियान में जागरूकता फैलाने, आशंकाओं को दूर करने एवं अंगदान की स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए सम्बोधित किया गया। अनेकों बेवीनार, सेमीनार, कार्यशालाएं और जागरूकता अभियान चलाए गए ताकि के0रि0पु0बल के कार्मिकों इस महान पुण्य कार्य के लिए स्वेच्छा से अंगदान करने हेतु प्रेरित किया जा सके। विधिवत् प्रतिज्ञा फार्म भर कर अपनी आँख, त्वचा, फेफड़े, हृदय, यकृत, अग्न्याशय, गुर्दे, हृदय के वाल्व, आँत और रक्त वाहिकाओं को स्वेच्छा से दान करने की इस परोपकारी, प्रेरणादायक मिशन का हिस्सा बन चुके हैं।

MINISTRY OF HEALTH
&
CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
79572
Dr. HARSH VARDHAN